Marwari College, Ranchi

Intermediate

UGC Approved Autonomous College With Potential For Excellence
Under Ranchi University
B Grade by NAAC

Memo No............................. **Date.06.08.2021**

सूचना

इंटरमिडिएट के I.A.,I.Com & I.Sc के छात्र एवं छात्राओं को सुचित किया जाता है कि जैक के आदेशानुशर (Compartmental & Suplimantery) का परीक्षा फॉर्म दिनांक 7/8/2021 से 14/8/2021 तक छात्रों द्वारा भरा जायेगा। परीक्षा फार्म भर कर महाविद्यालय के कॉउटर में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए JAC द्वारा दिये गये नोटिस को देखें। जो College के Website में अपलोड है।

Time : 9.00 AM To 12 P.M.

प्रो. इंचार्ज
मारवाड़ी महाविद्यालय इंटरमीडिएट
पुरूष एवं महिला प्रभाग, रांची

www.marwaricollegeranchiinter.in marwaricollegeranchi@gmail.com Office & Fax : 0
2213134

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

पूरक/सम्पूरक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या – 26 /2021

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं/अभिभावकों एवं विद्यालय/महाविद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि मात्र इस वर्ष के लिए कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर विशेष परिस्थिति में झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा पूरक एवं सम्पूरक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में निम्नवत् कोटि के छात्र/छात्रा सम्मिलित हो सकेंगे :–

1) जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 में अनुत्तीर्ण हुए हों।
2) जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल से असंतुष्ट हों।
3) जो छात्र/छात्रा, वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के लिए पंजीकृत हुए हों तथा किसी कारणवश परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा नहीं कर पाये हों।
4) वैसे पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्रा, जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से वंचित हो गये हों।

(A) कण्डिका (1) एवं (2) से संबंधित छात्र/छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी आवश्यक निर्देश

- परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से **दिनांक 07.08.2021 से 19.08.2021 तक** परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा किया जा सकेगा।
- ऐसे छात्र/छात्राओं को किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा।
- परीक्षाफल से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं को इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वार्षिक परीक्षा, 2021 का निर्गत प्रमाण पत्र (अंकपत्र/औपबंधिक प्रमाण/आदि) मूल रुप में परिषद् कार्यालय को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि **"उनका वर्तमान में प्रकाशित परीक्षाफल निरस्त कर दिया जाय तथा पूरक/सम्पूरक परीक्षा, 2021 में उन्हें प्राप्त परीक्षाफल ही मान्य होगा।"**

(B) कण्डिका (3) एवं (4) से संबंधित छात्र/छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी आवश्यक निर्देश

- परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन प्रपत्र निम्न कार्यक्रम के अनुसार जमा किया जा सकेगा।

माध्यमिक/इंटरमीडिएट पूरक/सम्पूरक परीक्षा, 2021

	इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु		माध्यमिक परीक्षा हेतु	
	ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि	बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि	बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि
विलम्ब शुल्क रहित	07.08.2021 से 16.08.2021 तक	19.08.2021 तक	10.08.2021 से 16.08.2021 तक	19.08.2021 तक
विलम्ब शुल्क सहित	17.08.2021 से 19.08.2021 तक	23.08.2021 तक	17.08.2021 से 19.08.2021 तक	23.08.2021 तक

- इन छात्र/छात्राओं को परीक्षा से संबंधित निर्धारित शुल्क देय होगा।
- शुल्क संबंधी विवरणी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सामान्य निर्देश

(1) परीक्षा में सम्मिलित होने की विषयों की बाध्यता इस वर्ष के लिए समाप्त की जाती है।

(2) यह अवसर मात्र इस वर्ष के लिए विशेष परिस्थिति में ही प्रदान की जा रही है। इसे पूर्वोदाहरण नहीं बनाया जा सकता है।

विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान से अनुरोध है कि वे परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्तें, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करें। वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रपत्र को संबंधित छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर लें ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातव्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं बैंक में शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**